सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 290 | इंदौर, गुरुवार 07 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले-

## उपज का एक-एक दाना कीमती, भुगतान में देरी बर्दाश्त नहीं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। **मुख्यमंत्री मोहन यादव की किसान हितैषी नीतियों और मंडी बोर्ड की सक्रियता का परिणाम है कि कृषि उपज मंडी समिति चौरई की अपील पर उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 64 कृषकों को उनके द्वारा विक्रय की गई उपज की राशि 96 लाख 51 हजार 500 रुपये के भुगतान करने के आदेश प्रसारित हुए हैं। मुख्यमंत्री यादव ने कहा है कि प्रदेश में किसान के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कृषि उपज मंडी समिति चौरई में पंजीकृत अनुज्ञप्तिधारी फर्म ज्ञाताश्री ट्रेडर्स, चौरई के द्वारा कृषकों से खरीदी गई अधिसूचित कृषि उपज का भुगतान नहीं करने पर मंडी समिति ने त्वरित कार्रवाई की। न्यायालय तहसीलदार, चौरई द्वारा फर्म से वसूली के लिए आर.आर. सी. जारी कर 96,51,500 रुपये की वसूली की गई और राशि मंडी समिति के खाते में जमा कराई गई।**

मुख्यमंत्री यादव के निर्देश पर एमपी राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सिविल कोर्ट/जिला कोर्ट से अनुमति नहीं मिलने पर मंडी समिति की ओर से उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की गई। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 30 अप्रैल 2026 को किसान हित में निर्णय पारित कर भुगतान की स्वीकृति दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपज का एक-एक दाना कीमती है। मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता और समय पर भुगतान हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने मंडी बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी मंडी समितियां यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में किसानों के भुगतान में लापरवाही न हो। खरीदी गई कृषि उपज का भुगतान समय-सीमा में कराया जाए। मंडी बोर्ड द्वारा सभी मंडी सचिवों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं कि किसान हित सर्वोपरि है और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार किसानों को भुगतान की कार्यवाही मंडी समिति चौरई द्वारा समय-सीमा में की जाएगी।

# 'हम आतंकवाद के पूरे तंत्र को खत्म करने के इरादे पर मजबूती से कायम'

### वर्षगांठ पर बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली, (एजेंसी) **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प को सलाम किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि एक साल पहले भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय बहादुरी का परिचय देते हुए पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आतंकवाद के खिलाफ कठोर नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के अटूट संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस अभियान ने भारतीय सेनाओं की पेशेवर क्षमता, तैयारी और आपसी समन्वय को दुनिया के सामने मजबूती से पेश किया। साथ ही यह भी दिखाया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत के प्रयासों ने देश की सुरक्षा को और मजबूत किया है। मोदी ने कहा कि एक साल बाद भी भारत आतंकवाद और उसे समर्थन देने वाले पूरे तंत्र को खत्म करने के अपने संकल्प पर पूरी मजबूती से कायम है।

### ऑपरेशन सिंदूर के हुए आज एक साल

भारत की तरफ से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को शुरू हुए आज एक साल हो गए हैं। 22 अप्रैल 2025 को जब पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी तो पाकिस्तान की इस नापाक साजिश और उसकी हरकतों को भारत ने यूं ही नजरअंदाज नहीं किया, बल्कि एक बार फिर पाकिस्तान में घुसकर कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। 7 मई की तड़के सुबह भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। भारतीय बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद नौ आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर सटीक एयरस्ट्राइक की। इसमें कई आतंकी मारे गए और आतंकी ढांचों को तबाह कर दिया गया। भारत के इन हमलों में 100 से ज्यादा आतंकी भी मारे गए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऑपरेशन की सफलता के बाद स्पष्ट किया था कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक नया रक्षा सिद्धांत स्थापित किया है- 'कि भारत पर किसी भी आतंकी हमले की भारी कीमत आतंकियों के साथ-साथ उनके आकाओं (पाकिस्तान) को भी चुकानी होगी, और भारत परमाणु धमकियों के आगे नहीं झुकेगा।'

### बंगाल में सनसनी

## शुभेंदु अधिकारी के करीबी भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या



**कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा है कि बीती रात दोहरिया इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने उनकी कार पर अंधाधुंध फायरिंग की।**

गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हमले में उनके ड्राइवर बुद्धदेव बेरा भी घायल हुए हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उन्हें कोलकाता के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार मोटरसाइकिलों पर सवार करीब आठ हमलावरों ने पहले से योजना बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। पार्टी नेताओं ने इस हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल है और सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# मधु मिलन और छावनी मार्ग होगा 60 फीट चौड़ा

### 100 से ज्यादा बाधक निर्माण हटाने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मधुमिलन-छावनी मार्ग पर वर्षों से ट्रैफिक जाम की समस्या रहती थी, लेकिन अब यह समस्या हल होगी। नगर निगम ने इस मार्ग को 60 फीट चौड़ा करने का मन बना लिया है और इसके लिए दो-तीन दिन में 100 से ज्यादा अतिक्रमण भी हटाने की तैयारी की जा रही है।

मेयर पुष्यमित्र भार्गव खुद इस मार्ग पर अतिक्रमण हटाने से पहले रहवासियों से मिलने पहुंचे और रहवासियों से आग्रह किया कि वे अगले दो से तीन दिनों के भीतर अपने-अपने अतिक्रमण खुद हटा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई कर उन्हें हटाया जाएगा। कुछ रहवासी स्वेच्छा



से अतिक्रमण हटाने के लिए तैयार हो चुके हैं। भार्गव ने बताया कि मधुमिलन चौराहे से छावनी तक का यह मार्ग शहर के ट्रैफिक के लिए महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान के तहत इस सड़क को प्रथम चरण में 60 फीट चौड़ा किया जाएगा। इसके बाद यातायात की स्थिति के अनुसार आगे की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 60 फीट चौड़ाई को लेकर क्षेत्र के अधिकांश रहवासी सहमत हैं, जिससे कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। आपको बता दें कि छह साल पहले भी तत्कालीन कलेक्टर आकाश त्रिपाठी ने इस सड़क को चौड़ा करने की योजना बनाई थी और तब मथुरवाला स्वीट्स का निर्माण भी तोड़ा गया था, लेकिन बाद में उनका तबादला हो गया और सड़क चौड़ी नहीं हो पाई थी।

### कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

दो प्रगणकों ने समय से पहले ही पूर्ण किया कार्य

# प्रगणकों का कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य तेज गति से जारी है। इंदौर में दो प्रगणकों ने अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण, कर्मठता और लगनशीलता की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। इन्होंने निर्धारित समय से पहले ही सौंपे गए कार्य को पूर्ण कर लिया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कलेक्टर कार्यालय में कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की मिसाल पेश करने वाले इन दोनों प्रगणकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तथा जनगणना के प्रभारी अधिकारी नवजीवन विजय पवार भी मौजूद थे।





सीमित समय में उत्कृष्ट कार्य पूर्ण करने वाले इन प्रगणकों ने यह साबित कर दिया कि लगन और ईमानदारी से किया गया प्रयास हर चुनौती को आसान बना देता है। इंदौर जिले में वर्ष 2026 की जनगणना का कार्य तेजी से जारी है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में जुटे प्रगणकों के बीच कुछ ऐसे भी उदाहरण सामने आए हैं, जिन्होंने अपने कार्य को निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर नई प्रेरणा दी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने ऐसे ही दो प्रगणकों श्रीमती निर्मला शर्मा और बद्रीलाल तरोला को श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

कैलोद हाला क्षेत्र की प्रगणक श्रीमती निर्मला शर्मा ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण से मात्र 6 दिनों में अपने हिस्से का पूरा कार्य संपन्न किया। उन्हें 120 मकानों की गणना का दायित्व सौंपा गया था। विशेष बात यह है कि शारीरिक चुनौती के बावजूद उन्होंने यह कार्य पूरी निष्ठा से पूरा किया। उनके दोनों पैरों में रॉड डली हुई है। इसके बावजूद भी उन्होंने घर-घर पहुँचकर पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य पूर्ण किया। श्रीमती निर्मला शर्मा ने अन्य प्रगणकों को संदेश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए और राष्ट्रीय कार्यों में पूर्ण निष्ठा के साथ योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर द्वारा मिला यह सम्मान उनके जीवन का पहला सम्मान है, जो उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

इसी प्रकार प्रगणक बद्रीलाल तरोला ने भी अपने कर्तव्यों के प्रति अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। उन्हें एक ब्लाक की गणना का कार्य सौंपा गया था। उन्होंने यह कार्य चंद दिनों में ही पूरा कर लिया। अपना कार्य पूर्ण होने पर उन्होंने अन्य तीन ब्लॉकों का कार्य भी स्वयं आगे आकर लिया और उसे भी एक सप्ताह में ही पूरा कर दिया। उन्होंने बताया कि यदि मन लगाकर और पूरी ईमानदारी से कार्य किया जाए, तो कोई भी कार्य कठिन नहीं होता और समय से पहले पूरा किया जा सकता है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने दोनों प्रगणकों की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में इस प्रकार का समर्पण अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी प्रगणकों से इसी भावना के साथ कार्य करने की अपील की, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

## व्याख्यानमाला के निमंत्रण पत्र का किया विमोचन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला के निमंत्रण पत्र एवं पोस्टर का विमोचन आज अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन एक सशक्त बौद्धिक संगम का रूप ले सका।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. योगेश चंद्र गोस्वामी कुलगुरु श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने विधिवत रूप से निमंत्रण पत्र/पोस्टर का विमोचन किया। विशेष अतिथि प्रेस क्लब महासचिव प्रदीप जोशी,इस अवसर पर डॉ गोस्वामी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा, अभ्यास मंडल केवल बोलने का मंच नहीं बल्कि सीखने का सशक्त माध्यम है, उन्होंने विशेष रूप से नैनो टेक्नोलॉजी और एआई के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुवे कहा की इनका प्रयोग गंभीरता ओर जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए. युवा ओर समाज तक तेजीसे बदलते इन तकनीकों की सही जानकारी और सही दिशा देना आज समय की बड़ी आवश्यकता है. कार्यक्रम का संचालन हरेराम वाजपेयी ने किया। आभार रामेश्वर गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया। श्यामसुंदर यादव, अशोक जायसवाल, गौतम कोठारी, अरविंद तिवारी, मदन राने, आलोक खरे, शंकर गर्ग, आरती जायसवाल, दीप्ति गौर आदि उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को तेजी से क्रियान्वित किया जा रहा है। यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले रहा है। जिले में जल संवर्धन और संरक्षण के कार्यों में मदद के लिए नागरिक और कॉर्पोरेट सेक्टर भी आगे आ रहे हैं। इनके सहयोग से पुरानी बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कर उनका सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है तथा उपयोगी बनाया जा रहा है। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर जिले में वर्ष 2026-27 के दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में प्रभावी कार्य जा रहे हैं। बताया गया कि इस अभियान के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक ने 15 बावड़ियों की सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य हाथ में लिया है। इसी तरह आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 10 कुएं के जीर्णोद्धार की जिम्मेवारी ली गई है। सोनिक बॉयोकेम द्वारा 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। मोयरा सरिया द्वार दो हजार घरों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए दो हजार फिल्टर दिए गए हैं। इसी तरह कृतज्ञ वेल्फेयर सोसायटी द्वारा 150 रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण किया जा रहा है। इफ्का फाउंडेशन द्वारा बायपास एवं मुख्य चौराहों पर ड्रम प्लांटेशन किया जा रहा है।



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी 10 हजार पौधारोपण और एक हजार रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए फिल्टर देने की जिम्मेदारी ली है। इसी प्रकार कोटक बैंक, ईएफआई और भारतीय जन संगठन द्वारा भी जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों में मदद दी जा रही है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों किसानों के सहयोग से तालाबों के गहरीकरण का कार्य जारी है। बैठक में बताया गया कि गत वर्ष चलाये गए अभियान में अमृत सरोवर अभियान के अंतर्गत 101 तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। इसी प्रकार पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान के तहत 392 जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य कराए गए तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 713 निर्माण कार्य पूर्ण किए गए। इनमें मुख्य रूप से सोख पिट, रिचार्ज पिट, वर्षा जल संचयन संरचनाएं, खेत तालाब, पारंपरिक जल निकायों एवं टैंकों का नवीनीकरण शामिल है। बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान इस वर्ष भी संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पुराने कुएं एवं बावड़ियों, तालाबों, स्टॉप डेम के जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का कार्य हाथ में लिया गया है। अभियान के अंतर्गत रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पिट, रिचार्ज शाफ्ट, डगवेल रिचार्ज, खेत तालाब, हैण्डपम्प रिचार्ज आदि के कार्य कराये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के कुल 5 हजार कार्य कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्य शुरू भी कर दिए गए हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्र में लगभग 25 हजार कार्य कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के सभी कार्य बरसात से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नए एवं पुराने तालाबों में आजीविका मिशन के अंतर्गत यूजर ग्रुप बनाए जाएं तथा इन समूहों से महिलाओं को जोड़कर आर्थिक गतिविधियाँ प्रारंभ की जाएं, जिससे तालाबों का उपयोग रोजगारपरक गतिविधियों के लिए भी हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वर्ष जिले के सभी शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं तैयार की जाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले सभी आवासों में भी वर्षा जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार कार्य भी प्राथमिकता से हाथ में लेने के निर्देश दिए।

## पार्षद बोले- परिवार बड़ा होना चाहिए, महिलाओं का जवाब- पानी नहीं नहलाएंगे कैसे?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वच्छता में अव्वल रहने वाला इंदौर इस समय गंभीर जल संकट से जूझ रहा है। शहर के 85 में से 14 वार्डों में नर्मदा सप्लाई और बोरिंग दोनों ही फेल हो चुके हैं, जिससे हालात जल आपातकाल जैसे बन गए हैं।**

शहर के कई इलाकों में पानी की किल्लत इतनी बढ़ गई है कि लोगों को रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। इसी बीच जनप्रतिनिधियों के बयान भी विवाद का कारण बन रहे हैं। शहर में गिरते जलस्तर के कारण कई बोरिंग पूरी तरह फेल हो चुके हैं। वहीं 14 प्रभावित वार्डों में अब तक नर्मदा लाइन का कनेक्शन भी नहीं पहुंच पाया है। रहवासियों का आरोप है कि टैंकर सप्लाई में भी भेदभाव और देरी हो रही है। वार्ड 70 में लोकनायक नगर की महिलाएं जब पानी की समस्या लेकर पार्षद भरत सिंह रघुवंशी के पास पहुंचीं, तो उन्हें चौंकाने वाला जवाब मिला। पार्षद ने कहा कि परिवार तो बड़ा होना ही चाहिए, नहीं बढ़ेगा तो काम कैसे चलेगा? मुसलमानों को देखो। इस पर महिलाओं ने पलटकर कहा इतने बच्चे हो जाएंगे तो नहलाएंगे किससे, पानी है कहां? वहीं वार्ड 64 के चितावद में महिलाओं ने नल नहीं तो बिल नहीं का नारा बुलंद कर दिया है। रहवासियों का कहना है कि वे चार साल से पानी की समस्या झेल रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं मिला। टैंकर कुछ मिनट के लिए आता है, जिससे सभी को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी की समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन में सबसे ज्यादा शिकायतें दर्ज हो रही हैं। अप्रैल महीने में पेयजल और नए कनेक्शन से जुड़ी 1586 शिकायतें सामने आईं, जबकि 258 शिकायतें दूषित और बदबूदार पानी को लेकर दर्ज की गईं। विशेषज्ञों के अनुसार पुरानी पाइपलाइन, लीकेज और मेंटेनेंस की कमी इस समस्या की बड़ी वजह हैं। पार्षद मनीष शर्मा मामा का कहना है कि क्षेत्र में 8 टैंकर चल रहे हैं और अगस्त तक 30 लाख लीटर क्षमता की टंकी शुरू कर दी जाएगी। अप्रैल में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जुड़ी 5378 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 3260 अब भी लंबित हैं। 4 मई तक 5884 शिकायतें लंबित हो चुकी हैं, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाती हैं।



# हजारों इंदौरी बिना वर्दी के संभाल रहे ट्रैफिक




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा संचालित किया जा रहा विशेष "ट्रैफिक प्रहरी" अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस मुहिम से अब तक शहर के कुल 3620 जागरूक नागरिक जुड़ चुके हैं। ये स्वयंसेवक शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तैनात होकर यातायात पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर व्यवस्था संभालने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।**

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शहर के जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बड़ी संख्या में इस पहल का हिस्सा बन रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा इन नागरिकों के उत्साहवर्धन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को बेहतर यातायात प्रबंधन में सराहनीय कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस प्रशासन का मानना है कि जनता की भागीदारी से ही यातायात के नियमों का पालन अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। पुलिस कमिश्नर ने आमजन को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि इस मुहिम का प्राथमिक उद्देश्य नागरिकों को यातायात प्रबंधन और नियमों के पालन की प्रक्रिया में सीधे तौर पर सहभागी बनाना है। अभियान का हिस्सा बनने की प्रक्रिया को भी बेहद सरल रखा गया है। इच्छुक व्यक्ति पुलिस द्वारा जारी किए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके गूगल फॉर्म भर सकते हैं। इसमें नागरिक अपनी सुविधानुसार समय और स्थान का चयन कर सकते हैं, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित न हो और वे ट्रैफिक प्रहरी के रूप में अपनी सेवाएं भी दे सकें। यातायात विभाग के अनुसार, शहर में सुबह 10 से 11 बजे और शाम 6 से 7 बजे के दौरान ट्रैफिक का दबाव अपने चरम पर होता है। इन पीक आवर्स में सीमित पुलिस बल के लिए हर मोड़ पर स्थिति को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसी समस्या के समाधान हेतु नागरिकों को जोड़ा जा रहा है, ताकि वे अपने घर या कार्यस्थल के आसपास के क्षेत्रों में यातायात संभालने में मदद कर सकें। ट्रैफिक प्रहरी न केवल पुलिस की सहायता कर रहे हैं, बल्कि आम जनता के बीच यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# बस एजेंट-ड्राइवर ने बाइक सवार को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सरवटे बस स्टैंड पर मारपीट का वीडियो सामने आया है। जिसमें दो युवकों के साथ निजी बस स्टाफ मारपीट करता देखा जा सकता है। वीडियो के आधार पर पुलिस ने पीड़ितों से संपर्क किया पर वे एफआईआर करने को तैयार नहीं हुए।**

जानकारी के मुताबिक दो पहिया वाहन से बस को कट लगने के बाद युवकों और बस ड्राइवर के बीच कहासुनी हुई थी। इस दौरान एक युवक ने ड्राइवर को थप्पड़ मार दिया, जिससे विवाद और बढ़ गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस वीडियो में दिख रहे लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इसके बाद मौके पर मौजूद बस एजेंट, ड्राइवर और अन्य लोगों ने मिलकर दोनों युवकों के साथ जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के अनुसार पुलिस ने वीडियो के आधार पर युवकों से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने शिकायत करने से इंकार कर दिया। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने आकाश नाम के युवक का अपहरण करने वाले आरोपी विनय सोनकर और उसके दो साथियों को बुधवार को गिरफ्तार किया और उनका जुलूस निकाला। आरोपियों ने बस में सवारी बैठाने की बात पर सोमवार को आकाश का अपहरण किया था और उसे कार मे भंवरकुआ लेकर गए थे। यहां पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे छोड़ दिया था। आकाश के परिजन थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज कराई थी। सीसीटीवी कैमरों में भी आरोपी कैद हुए थे।

# जान से मारने की धमकी कॉल कर धमकाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती ने पुराने परिचित युवक पर पीछा करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, 24 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि वह छिंदवाड़ा के पीजी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान हेमंत पुत्र भोजराम वर्मा निवासी टेलीपरफॉर्मेंस के पीछे, लसूड़िया को जानती थी। करीब डेढ़ साल पहले वह इंदौर आ गई थी, जिसके बाद दोनों के बीच कोई संपर्क नहीं रहा। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से आरोपी लगातार फोन कर उसे परेशान कर रहा था और मिलने का दबाव बना रहा था। युवती ने उसे ब्लॉक भी कर दिया था। आरोप है कि 5 मई की शाम करीब 6:30 बजे जब युवती अपने ऑफिस से एक दोस्त के साथ घर लौट रही थी, तभी आरोपी उसका पीछा करते हुए पेट्रोल पंप वाली गली तक पहुंच गया। वहां उसने युवती को रोककर जबरन बात करने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के दौरान आसपास लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चलाने वाले 7 आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने शहर में चल रहे एक बड़े ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए सात जालसाजों को हिरासत में लिया है। यह गिरोह एक अत्याधुनिक सर्वर आधारित सिस्टम का उपयोग करके काफी समय से अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।**




पुलिस की छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में नकदी, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और डिजिटल दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि इस नेटवर्क के जरिए अब तक करोड़ों रुपये का अवैध लेनदेन किया जा चुका है। पकड़ा गया यह गिरोह बेहद संगठित तरीके से अपना जाल फैलाए हुए था। जांच में यह खुलासा हुआ है कि सट्टेबाजी के इस कारोबार को दिल्ली और मुंबई स्थित डायमंड सर्वर के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा था। इस हाईटेक बुकिंग सिस्टम के जरिए बड़े पैमाने पर दांव लगाए जाते थे। पुलिस ने मौके से एक लाख चालीस हजार रुपये की नगद राशि के साथ ही तीन लैपटॉप और 39 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इसके अलावा कई संदिग्ध बैंक खातों की जानकारी और आईडी भी मिली हैं जो करोड़ों के ट्रांजैक्शन की पुष्टि करती हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शशांक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, निखिल कौशल, शुभम कौशल, जतिन शर्मा, अर्पित तिवारी और प्रियांश जैन के रूप में हुई है। ये सभी मुख्य रूप से शिवपुरी और गुना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह गिरोह सट्टेबाजी के लिए विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करता था और फंड ट्रांसफर के लिए फर्जी बैंक खातों का सहारा लेता था। फिलहाल क्राइम ब्रांच इस पूरे सिंडिकेट की गहराई से पड़ताल कर रही है ताकि इसके पीछे छिपे अन्य चेहरों को बेनकाब किया जा सके। इस सट्टा नेटवर्क के तार न केवल दिल्ली और मुंबई बल्कि दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय शहरों से भी जुड़े होने के प्रमाण मिले हैं। पुलिस को संदेह है कि इस रैकेट का मास्टरमाइंड विदेशी धरती से ऑपरेट कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अन्य फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। आने वाले दिनों में पुलिस इस मामले में कुछ और महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां कर सकती है जिससे कई बड़े नामों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## अखंड संडे की 1522वीं अमृतांजलि काव्यगोष्ठी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संस्था अखंड संडे की 1522 वीं श्रृंखला अमृतांजलि काव्यगोष्ठी विश्राम बाग में आयोजित की गई।

इस बार हास्य दिवस होने से जहां हंसी खुशी, ठहाकों का दौर चला वहीं जबलपुर के पास बरगी बांध में हुए हादसे के कारण कवि मन व्यथित भी था। मुकेश इंदौरी ने मार्मिक गजल पढ़ी- मां ने बेटे को सीने से लगाए रखा, हर खौफ से उसको यूं बचाए रखा। उठती हुई लहरों के बीच भी मां ने हिम्मत का दीपक जलाए रखा, वो डूब गए मगर ये सच रह गया, मां ने प्यार को अमर बनाए रखा। वहीं नलिन खोईवाल ने बदलते परिवेश पर गजल पढ़ी- आधुनिकता का इतना हुआ असर, चिड़ियां भी अब नहीं आती हैं घर, गांव की चौपाल भी गुम हो गई, प्रेम से होते थे जहां हम तर बतर। सुरेन्द्र व्यास ने- हंसा रहा था उम्र भर वो मिलने जुलने वालों को, गया जहान छोड़कर सभी को वो रुला गया। इस अवसर पर व्रजेन्द्र नागर, अरविन्द आचार्य, दिलीप मांडलिक, पुनीत उत्पल आदि ने भी काव्य पाठ किया। अंत में बरगी बांध हादसे में मारे गए दिवंगतों को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके परिवार के लिए प्रार्थना की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर के उद्योगपतियों से किया संवाद

# मध्यप्रदेश में तैयार है उद्योग का केनवास, अब रंग भरने का समय

## राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन जिला स्तर पर भी होगा

● निमाड़ में होगी इन्वेस्टर समिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों के लिए नई भूमि और उसका केनवास तैयार हो चुका है, अब हम उद्योगपतियों के साथ मिलकर योजनाओं और नीतियों के सहारे रंग भरने का काम कर रहे है। इसमें नवउद्यमिता के पर्याप्त नए अवसर सृजित किये जा रहे हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प अनुसार देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। दक्षिण के द्वार के नाम से प्रसिद्ध बुरहानपुर, प्रदेश के विकास का द्वार है। बुरहानपुर में उद्यम और परिश्रम के संस्कार हैं, जिले के लोगों के हुनर बहुमुखी हैं। कृषि से लेकर उद्योगों तक सभी क्षेत्रों में बुरहानपुर में गतिशीलता का वातावरण है। बुरहानपुर के विकास को नई दिशा देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है.सरकार बुरहानपुर की क्षमता और योग्यता को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के लिए स्थानीय उद्योग जगत के साथ परस्पर विश्वास, सहयोग और साझेदारी के साथआगे बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुरहानपुर के सुखपुरी को इंडस्ट्रियल बेल्ट के रूप में विकसित किया जाएगा, साथ ही औद्योगिक क्षेत्र रेहटा में नवीन मार्ग भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुरहानपुर के श्री परमानंद गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित उद्यमी संवाद को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ऑडिटोरियम परिसर में उद्यमियों के उत्पादों का अवलोकन किया तथा उनसे संवाद भी किया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट तथा बुरहानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस विशेष रूप से उपस्थित थीं।



**व्यापारिक कल्याण बोर्ड के गठन से संभावनाओं को मिलेगा नया आयाम-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 24x7 सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। हमारा मुख्य लक्ष्य तेजी से उद्योगों की स्थापना कर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2025 उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया था। शासन द्वारा प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मंत्रि-परिषद द्वारा मंगलवार 05 मई, 2026 को ही प्रदेश में राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड और जिला स्तरीय समितियों के गठन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जिला स्तर पर संचालित विकास गतिविधियों में जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारियों के साथ ही जन सामान्य की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए विकास समितियां गठित की गई हैं। हम चाहते है कि विश्व में सामग्री सप्लाई करने वाले उद्योगपति हमारे देश और प्रदेश के हों, इसी लक्ष्य के साथ प्रदेश में औद्योगिक अधोसंरचना का केनवास तैयार किया जा रहा है।

**पुराने कानून खत्म कर औद्योगिक विकास के नए नियम बनाए-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य शासन ने उद्योगों के विकास के लिए उद्योग मित्र नीतियां बनाई हैं। निरर्थक हो चुके कानून खत्म कर नए नियम बनाकर उद्योगों के लिए नए रास्ते और अवसर तलाशे गए हैं। तुअर दाल पर लगने वाले टैक्स को समाप्त किया गया, अब आगे कपास को लेकर भी विचार किया जा रहा है। यह सब उद्यमियों से संवाद के बाद किया गया। इस तरह से उद्योगों के हित में लगातार काम किया जाएगा। प्रदेश में पिछले वर्ष को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया। वर्तमान में कृषक कल्याण वर्ष के रूप में गतिविधियां जारी हैं। बुरहानपुर क्षेत्र में कृषि संबंधी गतिविधियों भी का पर्याप्त विस्तार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केले और कपास के बिना बुरहानपुर की बात अधूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थानीय समस्याओं पर सकारात्मक विचार रूप से विचार करते हुए उनका समाधान निकाला जाएगा। ताप्ती मैया की कृपा से बुरहानपुर उद्योग और कृषि के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करेगा।

**निमाड़ उद्यमिता के क्षेत्र में बनाएगा अपनी विशेष पहचान-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमएसएमई उद्यमिता के क्षेत्र में बुरहानपुर की उपलब्धि वर्ष 2022-23 में 436.11 करोड़ रूपए रही, जो लगभग 2 वर्ष बाद वर्तमान में 802 करोड़ रूपए है। यह गति बुरहानपुर के उद्यमियों की क्षमता की परिचायक है। राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। उद्यमिता गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार तत्परता और पारदर्शिता के साथ गतिविधियां संचालित कर रही है। बुरहानपुर के उद्यमी सम्मेलन में सहभागिता कर रहे उद्यमियों के विश्वास से यह स्पष्ट होता है कि निमाड़, उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाएगा। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस एवं नेपानगर विधायक श्रीमती मंजू दादू ने भी संबोधित किया। उद्यमी संवाद में एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चंद्रमौलि शुक्ला, इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा उद्योगपति उपस्थित थे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने बुरहानपुर के उद्योग, निवेश और रोजगार संबंधी जानकारी दी।

## बाथरूम की ग्रिल तोड़कर तीन बच्चे फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम लालपुर में संचालित बालगृह से मंगलवार शाम तीन बच्चे बाथरूम की ग्रिल तोड़कर फरार हो गए। बालगृह में 17 बच्चे निवास कर रहे थे। इनमें से बुधवार सुबह तीन बच्चे फरार हुए हैं। बताया जाता है एक बच्चा शाजापुर से यहां लाया गया था। दो बच्चे उज्जैन के ही थे। बालगृह प्रबंधन अब शेष 14 बच्चों की कड़ी निगरानी कर रहा है। घटना के बाद से बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## बीएसएफ के रिटायर्ड जवान ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मैं अपनी जिंदगी का सफर तय करते-करते अब थक गया हूं। परेशान हो गया हूं। अपनी मर्जी से आत्महत्या कर रहा हूं। इसका जिम्मेदार मैं स्वयं हूं। यह लिखकर बीएसएफ से रिटायर्ड 69 वर्षीय शिवकुमार श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में उन्होंने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंपने और थाना प्रभारी से किसी को परेशान नहीं करने का अनुरोध किया। घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कूड़न की है। बुधवार सुबह शिवकुमार का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही कटंगी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। टीआई पूजा उपाध्याय ने टीम के साथ शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

# पप्पू यादव बोले-बंगाल में भाजपा जीती नहीं, जिताई गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय बाहुबली सांसद पप्पू यादव दो दिवसीय प्रवास पर उज्जैन पहुंचे। जहां उन्होंने महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजों पर विवादित बयान दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि BJP चुनाव जीती नहीं, जिताई गई है। और अब बीजेपी के गुंडे जश्न मना रहे हैं।**

पप्पू यादव तड़के महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती में शामिल हुए और इसके बाद अन्य मंदिरों में भी दर्शन किए। बुधवार को बिहार रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि इंसानियत और मानवता की रक्षा के लिए महाकाल का आशीर्वाद लिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया युद्ध की ओर बढ़ रही है और नफरत खत्म कर मोहब्बत का रास्ता अपनाने की जरूरत है। यादव ने नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी माता के दर्शन भी किए। पप्पू यादव ने पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजों पर केंद्र सरकार और एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा जीती नहीं, जिताई गई है। 100 सीटों पर गड़बड़ी कर जीत हासिल की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई और एनआईए जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया। यादव ने कहा कि चुनाव में भारी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई और ऐसा लग रहा था जैसे सुखोई और राफेल ही लगाना बाकी था। उन्होंने वोटिंग प्रतिशत पर भी सवाल उठाते हुए जांच की मांग की। यादव बोले 90% प्रतिशत वोट कहां से कास्ट हो गया, एक बूथ पर तीन तो बक्सा रहता है या दो। यदि हम साढ़े दस घंटा भी वोट डालते हैं तो साढ़े नौ सौ वोट गिरता है। तो 92% प्रतिशत वोट कहां से गिर गया। साढ़े चार लाख का फ़ोर्स बंगाल भेज दिया। चार सौ बटालियन ममता दीदी के यहां तैनात की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट सभी बूथों की जांच कराए और ओपन काउंटिंग कराई जाए। उनका दावा है कि सीसीटीवी फुटेज भी बंद कर दिए गए थे और कई जगह टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले हुए। यादव ने विपक्षी दलों से 2027 और 2029 के चुनाव एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि छोटी पार्टियों को कांग्रेस से अलग लड़ाई नहीं लड़नी चाहिए।



### विपक्षी नेताओं को एक-एक कर खत्म किया

बीजेपी ने बालासाहेब ठाकरे को बर्बाद कर दिया, बादल खत्म, महबूबा खत्म, रेड्डी खत्म, चौटाला खत्म, भजन लाल खत्म, बंसी लाल खत्म, नीतीश कुमार खत्म, शिंदे खत्म, कौन बचा है। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव जैसे लोगों को यह चिंतन और मंथन करना होगा की हमारी राजनीति का क्या होगा। , विपक्ष को एक होकर 2029 और 2027 की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़नी चाहिए।

## 11 जिलों में आज हाईवे जाम करेगी कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भाजपा ने किसानों को मोदी की गारंटी दी थी कि 2,700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं और 3,100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान की खरीद की जाएगी। 40 रुपये प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि मिलाकर 2,625 रुपये किसान को मिलेंगे। सरकार बची राशि भावांतर योजना लागू करके दे। इस मांग सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर प्रदेश कांग्रेस आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को चक्काजाम करेगी। 11 जिले के 747 किलोमीटर क्षेत्र में यह जाम किया जाएगा।

इसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी इंदौर, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी शाजापुर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सेंधवा में मौजूद रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली तक किसानों के हित की आवाज पहुंचे, इसलिए केवल एक राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम किया जा रहा है। हम जानते हैं कि इससे आमजन को परेशानी होती है मगर मजबूरी से अन्नदाता की आवाज पहुंचाने के लिए यह रास्ता चुना गया है। यह किसानों के हित में सड़क सत्याग्रह है।

## संपादकीय

### सैन्य शौर्य और कूटनीतिक प्रहार: ऑपरेशन सिंदूर का दोहरा वार

ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि एक ऑपरेशन डिप्लोमेसी के मोर्चे पर भी हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और बाद में भारतीय विदेश नीति और डिप्लोमेसी ने अलग अलग स्तर पर सक्रियता दिखाई। पहलगाम हमले के बाद भारत के रुख को दुनिया को समझाने के लिए विदेश मंत्रालय ने दिल्ली स्थित अपने सभी डिप्लोमैटिक मिशनों को ब्रीफ किया। विदेशी राजनयिकों को भारत की स्थिति समझाई गई। ये एक तरह से पृष्ठभूमि थी, जिसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। भारत ने आतंक के प्रति जीरो टॉलरेंस और न्यू नॉर्मल की नई नीति को स्थापित करने की कोशिशें की। भारत को दुनिया को ये समझाना था कि ये ऑपरेशन क्यों जरुरी था। इसके लिए 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को 33 देशों के दौरे पर भेजा गया। इनमें विपक्षी दल समेत दूसरे दलों के राजनेता भी शामिल थे। इन लोगों ने फैसले के पीछे देश की राजनीति आमसहमति का संदेश दिया। पाकिस्तान की ओर से प्रायोजित आतंकी हमलों के बारे में भारत के पक्ष को साफ किया। भारत की डिप्लोमेटिक कोशिशों का नतीजा रहा कि जुलाई 2025 में यूएनएससी की रिपोर्ट में पहलगाम में हमलों के लिए 'द रेजिस्टेंस फ्रूट' को जिम्मेदार ठहराया गया। इससे पहले, अमेरिका ने भी 18 जुलाई 2025 को इसे विदेशी आतकवादी संगठन घोषित किया था। बीते साल यूएनएससी  में भी पाकिस्तान ने बेहद आक्रामक रुख दिखाया लेकिन नाकाम रहा। भारत ने अपने डिप्लोमैटिक पैटर्न को ज्यादा आक्रामक और धारदार बनाया। पाकिस्तान के साथ सभी तरह के संबंध खत्म कर उसे अलग-थलग करने की कोशिश की गई। आत्मनिर्णय के अधिकार को प्रमुखता के साथ विदेश नीति का हिस्सा बनाया गया। ऑपरेशन के दौरान भारत ने विदेश नीति को अपनी रक्षा नीति के बरक्स ही फ्रंट फुट पर रखा।

## धर्म-कर्म

# घर में शिवलिंग रखना सही है?

## जानें क्या है इससे जुड़े नियम और सावधानियां

हिंदू धर्म में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार, महादेव बेहद दयालु और भोले स्वभाव के हैं। वे केवल एक लोटा जल अर्पित करने से ही अपने भक्तों पर कृपा बरसा देते हैं। यही कारण है कि, कई लोग रोजाना नियमपूर्वक उनकी पूजा करते हैं और कुछ घर में शिवलिंग स्थापित कर आराधना करना चाहते हैं। हालांकि, घर में शिवलिंग रखना शुभ माना गया है, परंतु इसके साथ कुछ जरूरी नियमों का पालन करना बेहद जरूरी होता है अन्यथा इसका नकारात्मक प्रभाव घर की सुख-समृद्धि पर दिखाई दे सकता है। ऐसे में आइए घर में शिवलिंग रखने के कुछ महत्वपूर्ण नियमों को जानते हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, घर में रखा जाने वाला शिवलिंग अंगूठे के आकार का होना चाहिए। बड़ा शिवलिंग घर में रखना उचित नहीं माना जाता, क्योंकि उसकी पूजा के नियम अधिक कठोर होते हैं।

शास्त्रों की मानें, तो शिवलिंग स्थापित करने के लिए प्राण-प्रतिष्ठा अनिवार्य नहीं है। हालांकि, लेकिन रोजाना जल चढ़ाना, अभिषेक करना और श्रद्धा से पूजा करना जरूरी माना गया है। इससे महादेव की कृपा बनी रहती है और घर में भी खुशियां वास करती हैं।

माना जाता है कि, शिवलिंग को हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में ही रखना चाहिए। यह दिशा सबसे पवित्र मानी जाती है। इससे घर में बरकत होती हैं और नकारात्मकता समाप्त होती हैं।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, घर में जहां शिवलिंग स्थापित करें, वहां भगवान शिव के साथ माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय का चित्र या मूर्ति अवश्य रखें। इससे घर में सुख-शांति और



पारिवारिक संतुलन बना रहता है।

शास्त्रों के अनुसार,  घर में एक से अधिक शिवलिंग रखना अशुभ माना जाता है। इसलिए एक ही शिवलिंग स्थापित करें और उसी की नियमित पूजा करें।

रोजाना शिवलिंग पर जल अर्पित करना चाहिए। यह शुभ होता है। इसके साथ ही महादेव के इन प्रभावशाली मंत्रों का जाप करना लाभकारी हो सकता है।

### महामृत्युंजय मंत्र

ऊँ हौं जूं सः ऊँ भुर्भवः स्वः ऊँ म्बकं यजामहे
सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
ऊर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ऊँ
भुवः भूः स्वः ऊँ सः जूं हौं ऊँ।।

### सुख और शांति प्राप्त करने का मंत्र

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि
तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्!

### भगवान शिव के प्रभावशाली मंत्र

ओम साधो जातये नमः।।
ओम वाम देवाय नमः।।
ओम अघोराय नमः।।
ओम तत्पुरूषाय नमः।।
ओम ईशानाय नमः।।
ॐ ह्रीं ह्रौं नमः शिवाय।।

# ज्येष्ठ मास की भीषण गर्मी में करें इन चीजों का दान, श्रीहरि बरसाएंगे सुख-समृद्धि की वर्षा

हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ साल का तीसरा महीना होता है, जो आमतौर पर मई और जून के बीच आता है। यह समय भीषण गर्मी का होता है, इसलिए इस माह में किए गए दान का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दौरान जरूरतमंदों की मदद करने से न केवल पुण्य मिलता है, बल्कि जीवन में सुख-समृद्धि भी बढ़ती है। यही वजह है कि लोग इस महीने में घर के बाहर प्याऊ लगवाते हैं, ताकि राहगीरों को ठंडा पानी मिल सके। साथ ही पंखे, चप्पल और अन्य जरूरी चीजों का दान भी शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं कि ज्येष्ठ माह में किन वस्तुओं का दान करना लाभकारी माना गया है।

### जल दान का महत्व

ज्येष्ठ की तपती गर्मी में पानी का दान सबसे श्रेष्ठ माना गया है। मान्यता है कि प्यासे को जल पिलाने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि इस माह में किया गया जल दान बड़े यज्ञों के समान फल देता है। ऐसे में राह चलते लोगों के लिए प्याऊ की व्यवस्था करना, घर की छत पर पक्षियों के लिए पानी रखना और मिट्टी के घड़े दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, इससे कुंडली में चंद्र और शुक्र ग्रह मजबूत होते हैं।

### राहत देने वाली चीजों का दान

ज्येष्ठ माह में जरूरतमंदों को ऐसी वस्तुएं देना, जो गर्मी से बचाव करें, बेहद पुण्यकारी माना गया है। जैसे छाता, जूते-चप्पल, हाथ के पंखे या सूती कपड़े दान करना। ये चीजें दूसरों को राहत देने के साथ-साथ दान करने वाले के जीवन में भी सकारात्मकता लाती हैं।

**इन तिथियों पर करें विशेष दान :** इस महीने में खास तौर पर एकादशी और पूर्णिमा के दिन दान का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इन तिथियों पर किया गया दान पितरों तक पहुंचता है और पितृ दोष को शांत करने में सहायक होता है।



### सत्तू, गुड़ और फलों का दान

गर्मी से राहत देने वाली चीजों का दान इस महीने खास फलदायी माना जाता है। सत्तू, गुड़, आम, तरबूज, खरबूजा और नारियल पानी जैसी ठंडी तासीर वाली वस्तुएं दान करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि इससे घर में कभी अन्न और धन की कमी नहीं होती।



Tamil Nadu

# तमिलनाडु में सरकार बनने पर संशय, विजय को मिली CM जैसी सिक्योरिटी वापस ली गई, क्या वजह?

**चेन्नई, (एजेंसी) तमिलनाडु पुलिस ने बुधवार (6 मई, 2026) रात को तमिझगा वेत्री कड़गम (TVK) के अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय को दी गई कड़ी सुरक्षा और उनका काफिला वापस ले लिया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बराबर दी जा रही 'जेड-प्लस' स्तर की सुरक्षा प्रोटोकॉल को घटाकर अब न्यूनतम कर दिया गया है।**

दरअसल, 4 मई को मतगणना के दौरान ही TVK की भारी जीत के शुरुआती संकेत मिलने लगे थे। इसके कुछ घंटों बाद ही पुलिस ने विजय के आवास और पार्टी कार्यालय पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि यह सुरक्षा TVK नेता के आवास पर पहुंचने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बढ़ाई गई थी। हालांकि, उनके रूट बंदोबस्त और अन्य सुरक्षा उपायों को देखकर यह साफ था कि उनकी सुरक्षा बढ़ाकर सीधे मुख्यमंत्री के स्तर की कर दी गई है।



द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, विजय की सुरक्षा की निगरानी के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) रैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी को तैनात किया गया था। इसके साथ ही, राज्य पुलिस के सिक्योरिटी ब्रांच सीआईडी (CID) के एक दर्जन से अधिक सशस्त्र कमांडो ने सुरक्षा का जिम्मा संभाला था।

Uttarpradesh

## यूपी के हमीरपुर में बड़ा हादसा

# यमुना में पलटी 9 लोगों से भरी नाव, महिला और मासूम का शव मिला, 4 बच्चे अब भी लापता



**हमीरपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में यमुना नदी में देर रात बड़ा हादसा हो गया। कुरारा थाना क्षेत्र के कुतुबपुर गांव के पास एक नाव अचानक पलट गई. नाव में 9 लोग सवार थे. हादसे में तीन लोगों को बचा लिया गया, जबकि एक महिला और बच्चे का शव बरामद हुआ है. वहीं डूबने वाले चार बच्चे अब भी लापता हैं. घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. तेज बारिश की वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है.

कुतुबपुर गांव के रहने वाले देशराज निषाद के घर में बुधवार को बेटी की शादी थी. शादी समारोह में शामिल होने के लिए कई रिश्तेदार गांव पहुंचे हुए थे. गुरुवार को परिवार के कुछ लोग यमुना नदी के दूसरी तरफ तरबूज और खरबूज खाने के लिए गए थे.

विष्णु निषाद अपनी पत्नी और रिश्तेदारी के सात बच्चों को लेकर नाव से नदी पार कर बारी में पहुंचे थे. वहां सभी ने तरबूज और खरबूज तोड़े और उन्हें नाव में रखकर वापस गांव लौटने लगे.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाव जैसे ही यमुना नदी के बीच पहुंची, अचानक उसका बैलेंस बिगड़ गया और नाव पलट गई. नाव पलटते ही उसमें सवार सभी लोग तेज धारा में बहने लगे. घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई.

Uttarpradesh

# मथुरा में पुलिस एनकाउंटर में ढेर हुए दो बदमाश

## ● बावरिया गिरोह के थे दोनों सदस्य

## 30 लाख का डाला था डाका

**मथुरा, (एजेंसी)** मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र के टैंटीगांव में बीती 23 अप्रैल की रात एक बड़े डकैती कांड को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारे गए हैं। यह मुठभेड़ बृहस्पतिवार सुबह हुई, जिसमें दोनों आरोपी पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मारे गए बदमाशों की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी धर्मवीर उर्फ लंबू और अलवर निवासी राजेंद्र उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। दोनों कुख्यात बावरिया गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये नकाबपोश बदमाश 23 अप्रैल की रात टैंटीगांव में व्यवसायी अजय अग्रवाल के घर में घुस गए थे। उन्होंने घर में मौजूद लोगों को धमकाकर करीब 30 लाख रुपये की नकदी और जेवरात लूट लिए थे। इस घटना के बाद से ही पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी।

Maharashtra

# टाटा ट्रस्ट्स पर संकट: बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका, अहम बैठक पर रोक लगाने की मांग

**मुंबई, (एजेंसी)** बॉम्बे हाई कोर्ट में बुधवार को एक रिट याचिका दायर कर टाटा ट्रस्ट्स की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि सर रतन टाटा ट्रस्ट ने सितंबर 2025 में महाराष्ट्र में ट्रस्टों को नियंत्रित करने वाले कानून में किए गए संशोधन का उल्लंघन किया है। याचिका में यह भी कहा गया है कि 1 सितंबर 2025 के बाद लिए गए सभी फैसले इसी आधार पर अमान्य माने जाएं।

**किस कानून के तहत दी याचिका**?- यह रिट याचिका सुरेश तुलसीराम पाटीलखेड़े ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत दायर की है। उनका तर्क है कि ट्रस्ट के मौजूदा बोर्ड की संरचना महाराष्ट्र पब्लिक ट्रस्ट (दूसरे संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत निर्धारित सीमाओं का उल्लंघन करती है।

अगर अदालत याचिकाकर्ता को तत्काल सुनवाई और राहत देती है तो ट्रस्टों की इस अहम बैठक को टालना पड़ेगा। इस बैठक के टाटा संस के प्रशासन पर दूरगामी प्रभाव डालने की संभावना है, जो देश के सबसे बड़े कारोबारी समूह को नियंत्रित करता है।

खेल

# पंजाब के खिलाफ SRH की हैदराबाद में लगातार नौवीं जीत, कोनोली की मेहनत पर फिरा पानी

**हैदराबाद, (एजेंसी)** पंजाब किंग्स के खिलाफ राजीव गांधी स्टेडियम में लगातार नौवीं जीत के साथ सनराइजर्स हैदराबाद ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 235 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 202 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। कूपर कोनोली ने इस मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।



हैदराबाद की इस जीत से अंक तालिका में बड़ा बदलाव हुआ है। 11 में सात मुकाबले जीतकर टीम 14 अंक और +0.737 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। वहीं, पंजाब किंग्स दूसरे पायदान पर है। तीसरे स्थान पर आरसीबी है और चौथे पायदान पर राजस्थान रॉयल्स मौजूद है। एक स्थान पर किसी एक टीम के खिलाफ आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने वाली हैदराबाद दूसरी टीम बन गई। उप्पल में टीम में 11 में से 10 मैच जीते हैं, जिनमें नौ बार हैदराबाद ने लगातार जीत दर्ज की।

236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज चार के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे। इसके बाद कूपर कोनोली ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कप्तान श्रेयस अय्यर (5) के साथ तीसरे विकेट के लिए 19 रन जोड़े, जबकि मार्कस स्टोइनिस (28) के साथ 20 गेंदों में 40 रन की साझेदारी की। इस टीम को 63 के स्कोर पर चौथा झटका लगा, जिसके बाद कॉनली ने सूर्यांश शेडगे के साथ पांचवें विकेट के लिए 30 गेंदों में 47 रन जोड़कर टीम को परेशानी से निकालने की कोशिश की। सूर्यांश ने 17 गेंदों में 25 रन की पारी खेली।

कूपर कोनोली ने 19.4 ओवर में अपना पहला आईपीएल शतक पूरा किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। कॉनली 59 गेंदों में आठ छक्कों और सात चौकों के साथ 107 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी खेमे से शिवांग कुमार और पैट कमिंस ने दो-दो विकेट अपने नाम किए, जबकि नीतीश रेड्डी, ईशान मलिंगा और साकिब हसन ने एक-एक विकेट निकाला।

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 236 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। यह 8वीं बार है जब हैदराबाद ने पंजाब के खिलाफ 200+ स्कोर बनाया, जिससे उसने मुंबई इंडियंस की बराबरी कर ली, जिसने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ बार ऐसा किया है।

हैदराबाद की पारी की शुरुआत बेहद तेज रही। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने सिर्फ 3.3 ओवर में 54 रन जोड़ दिए। अभिषेक ने 13 गेंदों पर 35 रन (4 छक्के, 2 चौके) ठोके, जबकि हेड ने 19 गेंदों में 38 रन बनाए।

सिनेमा

# करीबी के निधन से टूटे विजय, नम आंखों से दी अंतिम विदाई, गले लगकर रोया बेटा



तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में धमाकेदार डेब्यू करने वाले अभिनेता से राजनेता थलपति विजय ने बुधवार को प्रोड्यूसर आरबी चौधरी को अंतिम श्रद्धांजलि दी. वो प्रोड्यूसर के अंतिम संस्कार में पहुंचे और उनके बेटे जीव को गले लगाकर सांत्वना दी. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में टीवीके चीफ को प्रोड्यूसर के पार्थिव शरीर पर फूलमाला चढ़ाते देखा गया. फिर वो प्रोड्यूसर के सबसे छोटे बेटे जीव से मिले. विजय ने रोते हुए जीव को गले लगाया. ये भावुक पल हर किसी की आंखों में आंसू दे गया है. आरबी चौधरी का मंगलवार 5 मई 2026 को राजस्थान के उदयपुर में एक दर्दनाक कार हादसे में निधन हो गया. प्रोड्यूसर को भारी मन से अंतिम विदाई देने पहुंचे विजय के चेहरे से साफ पता चल रहा है कि वो इस खबर से अंदर तक टूट गए हैं. दुख की घड़ी में विजय ने आरबी चौधरी के परिवार को हिम्मत बंधाई. विजय के गले लगकर आरबी चौधरी का बेटा जीवा बच्चों की तरह फूट-फूटकर रोने लगे. कई सितारों ने सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए शोक जताया. रजनीकांत ने भी अपने एक्स हैंडल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. उन्होंने लिखा, मेरे प्यारे दोस्त आरबी चौधरी एक शानदार प्रोड्यूसर और बेहतरीन इंसान थे.

## Highlights

1. **BJP leader Suvendu Adhikari's assistant shot dead in Bengal**
2. **Whatever I said has come true: TMC MP who quit in 2024 over corruption**
3. **It's not 'matgarna', it's 'mangarna': Akhilesh on WB vote counting**
4. **Let them impose Prez Rule: Mamata after refusing to resign as WB CM**
5. **TMC workers with BJP flags trying to incite unrest in Bengal: BJP**

# India, US Very Close To Trade Deal, Need To Get Over Last Hurdle: Christopher Landau

**NEW DELHI, (Agency).** India and the US are "very, very close" to signing the trade deal and need to get over "that last hurdle", US Deputy Secretary of State Christopher Landau said on Tuesday. Landau said that India and the US have been negotiating for months and it was important for the two sides to "reach some closure" and move on with the many other issues on the agenda.

"We are very aware of India's importance on the world stage. I think it is very important to get a final resolution of that trade deal. We have been talking now for months that we are very close, and I think we are very close. But we have to get over that last hurdle," Landau told reporters on the sidelines of the SelectUSA Investment Summit at National Harbour in Maryland near here.

"I don't have any huge inside information to provide on when that is coming, but I can just reiterate that I believe that we



are very, very close," said Landau, who recently visited India.

"I think ultimately it's important that we reach some closure on that and we finally sign it and move on with the many other issues on our agenda," he said.

"I think there's no question that India is one of the great powers of the world. India now has the greatest population in the world. And, India has incredible potential, economic potential, but I think, frankly, for many decades it was not fully realised because of (the) economic models that India chose to pursue.

"But I think India is now poised to have massive economic development and to lift many hundreds of millions of people out of poverty," Landau said.

India and the US announced the framework of the bilateral trade agreement on February 2 and released the text of the deal on February 7. Indian negotiators were in the US last month for discussions on the trade agreement.

# Wired Wisdom: Thoughts on Samsung Wallet, credit cards, and Nuuk's new Halo

**NEW DELHI, (Agency).** Opening thoughts. Samsung is so far ahead in this game, nobody is even close to competing. Regulatory navigation, persistence and corporate will are the reasons why Samsung Wallet in India sets an experiential and acceptability benchmark that even Google is still trying to match. I point this out because a few days ago, Google rather excitedly announced that users in India can now save their Aadhaar Verifiable Credentials directly in Google Wallet. The mind immediately wandered to Samsung Wallet, which I currently have the pleasure of sometimes using with a phone that I really like, the Samsung Galaxy S26 Ultra.




Samsung Wallet has been doing this for years—identity credentials, airline and hotel loyalty cards and more. And while at it, has allowed me to sync Mastercard and Visa cards for a seamlessly integrated Samsung Pay—no need to carry your card or even take out the card holder when making a payment at a store—scan a QR code or simply tap the phone on a payment machine, and off you go shopping bags gently swinging from one hand. One could of course (and right so) argue that Samsung Wallet and Samsung Pay are limited to their own phones, while Google Wallet has wider appeal across Android phones. Correct. But credit where it is due—Samsung's approach has been spot on, and they got it right much before anyone else. Which begs the question, will we ever get the luxury of Apple Pay in India?

# निगम कमिश्नर ने कहा- हितग्राहियों को जल्द मिले आवास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने बुधवार को पीएम आवास योजना (पीएमएवाय) 2.0 के तहत प्रस्तावित आवासीय परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्थानों का दौरा कर प्रोजेक्ट्स की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।**



नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने सनावदिया, बढ़ियाकीमा और उमरीखेड़ा गांवों का दौरा कर पीएम आवास योजना 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं की स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए। कमिश्नर ने स्पष्ट कहा कि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और शासन की गाइडलाइन का सख्ती से पालन सुनिश्चति करने पर जोर दिया। नगर निगम द्वारा आवास योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर आवास निर्माण के लिए 5 डीपीआर राज्य सरकार को भेजी गई हैं। प्रस्ताव के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए वन बीएचके के 6048, 2 बीएचके के 1368 और 3 बीएचके के 720 की आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाना है। इनमें से ताप्ती परिसर ट्रेजर फैंटेसी और बढ़ियाकीमा इलाके की दो डीपीआर को केंद्र सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम का लक्ष्य है कि योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लोगों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जा सके।

## सोनम के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मेघालय सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पति राजा रघुवंशी की हत्या के मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर गंभीर चिंता जताते हुए, मेघालय सरकार ने मेघालय हाई कोर्ट में अर्जी देकर उन्हें पहले से मिली जमानत रद्द करने की मांग की है। अपनी दलील में राज्य ने तर्क दिया कि ईस्ट खासी हिल्स में सेशंस कोर्ट का जारी किया गया बेल ऑर्डर रद्द कर देना चाहिए, क्योंकि यह फैसला अपराध की गंभीरता और न्याय पर इसके संभावित असर पर ठीक से विचार करने में नाकाम रहा। राज्य सरकार ने कहा कि आरोप गंभीर हैं और इसकी सख्त न्यायिक जांच की जरूरत है। 27 अप्रैल को, शिलांग के एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ज्यूडिशियल) ने गिरफ्तारी प्रक्रिया में खामियों को देखते हुए लगभग एक साल बाद सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी। कोर्ट ने पाया कि उन्हें दिए गए 'गिरफ्तारी के आधार की जानकारी' डॉक्यूमेंट में चेकबॉक्स पर निशान नहीं थे और भारतीय न्याय सेवा (बीएनएस) के तहत एक इनकॉरपोरेट पीनल प्रोविजन का भी जिक्र किया गया था। कोर्ट ने पाया कि उन्हें दिए गए 'गिरफ्तारी के आधार की जानकारी' डॉक्यूमेंट में चेकबॉक्स अनटिक थे और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एक गलत सजा का नियम भी बताया गया था।

## टायर शॉप और गैराज से भड़की आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के देवास नाका इलाके में भीषण आग लगने से तीन दुकानें जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक घटना की सूचना सुबह करीब 3.45 बजे मिली। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि एक टायर की दुकान और गैराज में आग तेजी से फैल चुकी थी, जिसने पास की अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया। दमकल कर्मियों ने करीब 20 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि दुकानों के शटर तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा, क्योंकि घटना के समय दुकान मालिक मौके पर मौजूद नहीं थे। फायर अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। दुकानों के पास से बिजली की लाइन गुजर रही थी, जिससे आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में मोहम्मद अकबर, नरेंद्र और जितेंद्र गजराज की दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। तीनों दुकानें एक-दूसरे के पास स्थित थीं, जिससे आग तेजी से फैल गई और सब कुछ जलकर खाक हो गया।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक